This question paper contains 4+2 printed pages]

Roll No. | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **6817**

Unique Paper Code : **A-107** **G-I**

Name of the Paper : **Paper V—Hindi-A**

Name of the Course : **B. Com.**

Semester : **I**

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि है मैं नाँहि।
प्रेम गली अति साँकरी, या में दो न समाँहि॥
पानी केरा बुदबुदा, अस मानुस की जाति।
देखत ही छिपि जाइंगे, ज्यों तारे परभाति॥

अथवा

मैं उन्मत्त प्रेम की लोभी
हृदय दिखाने आयी हूँ।

P.T.O.

जो कुछ है, वह यही पास है,
इसे चढ़ाने आयी हूँ।
चरणों पर अर्पित है, इसको
चाहो तो स्वीकार करो।
यह तो वस्तु तुम्हारी ही है।
ठुकरा दो या प्यार करो॥ 5

(ख) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

यह अनाज जो बदल रक्त में
टहल रहा है तन के कोने-कोने
यह कमीज जो ढाल बनी है
बारिश-सरदी लू में
सब उधार का, माँगा-चाहा
नमक-तेल, हींग-हल्दी तक
सब कर्जे का
यह शरीर भी उनका बंधक

1. प्रस्तुत पंक्तियों के कवि और कविता का नाम लिखिए।
2. "यह शरीर भी उनका बंधक" का आशय स्पष्ट कीजिए। 2,3

2. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

जब ये शेर जागकर गर्जते हैं, तब सदियों तक इनकी आवाज की गूँज सुनाई देती रहती है और सब आवाजें चुप हो जाती हैं। वीर की चाल की आहट कोनों में आती रहती है और कभी मुझे और कभी तुझे मदमत्त करती है। कभी किसी की और कभी किसी की प्राण-सारंगी वीर के हाथ से बजने लगती है।

अथवा

चारों धाम की यात्रा करने के लिए पैसे चाहिए। नर्मदा-परिक्रमा करने के लिए पैसे की जरूरत नहीं। गरीब से गरीब आदमी भी इसे कर सकता है। फिर सबसे शुद्ध जल और सबसे शुद्ध हवा नर्मदा-तट पर ही है। 5

(ख) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

अब सोचिए, ब्याह को कोसेंगे तो फ्री-लव और फ्री-सेक्स को तो कोसना ही पड़ेगा। इसमें पुरुष लोग उछल-उछलकर आगे रहते-कुछ इस भाव से, मानों बात करते ही इसका आधा सुख तो वे ले ही लेंगे।

(*i*) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक और कहानी का नाम लिखिए।

(*ii*) ''ब्याह को कोसेंगे तो फ्री-लव और फ्री-सेक्स को तो कोसना ही पड़ेगा'' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 2,3

3. 'पृथ्वी किसलिए घूमती रही' **अथवा** 'हिमाद्रि तुंग श्रृंग से' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए। 8

4. 'त्रिशंकु' **अथवा** 'सच्ची वीरता' का सार लिखिए। 7

5. 'हरियाणवी' **अथवा** 'छत्तीसगढ़ी' बोली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

6. 'संक्षेपण' की मुख्य विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

'टिप्पण' की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 4

7. (क) कोश की परिभाषा लिखते हुए 'समांतर कोश' की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : 4

कमल, गाय, रात, विनय, परिवार, जमीन, अमन, ज्ञान

(ख) 'हिंदी भाषा के विकास में कम्प्यूटर के योगदान' पर अपने विचार प्रकट कीजिए। 3

(ग) किन्हीं **चार** शब्दों के हिंदी प्रतिरूप लिखिए : 4

Accountant, Advice, Clearing, Debtors, Payee, Refund, Cost, Export

8. (क) कंपनी में नौकरी के आवेदन हेतु स्ववृत्त (बायोडाटा) तैयार कीजिए।

अथवा

ज्ञापन से क्या अभिप्राय है ? उदाहरण सहित लिखिए। 4

(ख) विज्ञापन की परिभाषा लिखते हुए, 'व्यवसाय में विज्ञापन की भूमिका' पर प्रकाश डालिए। 4

(ग) किसी **एक** विषय पर आलेख लिखिए : 5

(*i*) पर्यावरण और शहर

(*ii*) हिन्दुस्तान में उच्च शिक्षा की स्थिति

(*iii*) गाँव और शहर की बढ़ती दूरियाँ

(*iv*) अकेलेपन की त्रासदी और महानगर

9. 'इला' नाटक के आधार पर **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) रानी श्रद्धा ने पुत्री का जन्म होने पर राजा मनु से क्या कहा ?

(*ii*) रानी श्रद्धा की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(*iii*) राजगुरु वशिष्ठ ने रानी श्रद्धा के पत्नी-अधिकार के विषय में राजा मनु से क्या कहा ?

अथवा

'गोदान' उपन्यास के आधार पर **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) 'गोबर' की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(*ii*) 'धनिया' और 'होरी' के संबंधों पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

(*iii*) 'गोदान में वर्णित किसानों की समस्या आज भी जैसी की तैसी है।' स्पष्ट कीजिए। 4,4